आर्थिक विकास की जो तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है, वह बेहद ही बदरंग और असमानता से लबरेज़ है। ऎसे में बेहिचक कहा जा सकता है कि इस असमानता को मिटाने के लिए नए सिरे से नीतियों का निर्धारण किए बगैर विकास का उजाला भीड़ के अंतिम आदमी तक पहुंच पाना निहायत ही नामुमकिन है। धन्यवाद ।

SHRI RAMADHAR KASHYAP (Chhattisgarh): Sir, I associate myself with the Special Mention made by Shri P.K. Maheshwari.

**Demand for a central legislation to prevent damage to crops being caused by "Neel Gai" in various parts of the country**

**डा0 प्रभा ठाकुर** ( राजस्थान)**:** महोदय, देश के विभिन्न राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों में रोझ पशु जिसे लोग नील गाय भी कहते हैं, इसके उपद्रव एवं आतंक से देश के लाखों किसानों की नींद हराम है । राजस्थान , हरियाणा, मध्य प्रदेश जैसे कई राज्यों में रोझ पशुओं की संख्या हजारों में, जहां रातभर किसानों के जागकर पहरा देने के बावजूद ये पशु झुंडों में आकर खेत की पूरी फसल को रौंद कर बर्बाद कर देते हैं। अकसर हाई-वे तथा सड़कों पर भी अचानक इनके दौड़ कर वाहनों के सामने आ जाने से अनेक दुर्घटनाएं घटित होती रहती है। नील गाय कहे जाने से भोले किसान धार्मिक भावना के कारण अपने इस शत्रु पशु को समाप्त करने की कोई कार्यवाही भी नहीं कर सकते । रोझ पशु हिरण प्रजाति का पशु है, इसमें गाय का कोई भी लक्षण नहीं है। गाय किसानों को पालती है। जबकि यह उनका संहारक है ।

अतः रोझ पशु के लिए नील गाय का शबद ही शब्द कोष से हटाया जाना चाहिए। इसे किसी भी प्रकार गाय की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता । बकरों के समान निरर्थक और फसलों के लिए नुकसानदेह इस जंगली पशु को , सरकार को वन्य पशु संरक्षण कानून के अंतर्गत न रखते हुए, किसानों को संरक्षण देने के लिए इसे निरर्थक पशु की श्रेणी में रखना चाहिए तथा इस घातक नस्ल को समाप्त करने के लिए आवश्यक प्रयास करने चाहिए। इस दिशा में शीघ्र आवश्यकतानुसार विधेयक ला इस निकम्मे पशु के उत्पाद से देश के किनानों को बचाए जाने की आवश्यकता है।

**श्री कमाल अख्तर :** महोदय, मैम स्वयं को इससे एशोसिएट करता हूं।

†**श्री अबू आसिम आजमी:** महोदय, मैं भी स्वयं को इससे एसोसिएट करता हूं।

**شری ابو عاصم اعظمی:** مہودے، میں بھی خودکو اس سے ایسوشی ایٹ کرتا ہوں۔

†**श्री शाहिद सिद्दिकी:** महोदय, मैं भी स्वयं को इससे एसोसिएट करता हूं।

**شری شاہد صدیقی:** مہودے، میں بھی خودکو اس سے ایسوشی ایٹ کرتا ہوں۔

† Transliteratlon in Urdu Script.